राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, भुवनेश्वर

हिंदी कार्यशाला: एक रिपोर्ट

कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वंदना से हुआ।

राजभाषा नियमानुसार सभी सरकारी कार्यालयों में देवनागरी हिंदी में काम करना अनिवार्य किया गया है और हिंदी कार्य में आनेवाली कठिनाई तथा झिझक को दूर करने के लिए प्रत्येक तिमाही में एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन करना अनिवार्य है। इस उद्देश्य को अमल में लाने हेतु राष्ट्रीय सूचना – विज्ञान केंद्र , भुवनेश्वर में वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही कार्यशाला का आयोजन दिनांक 05/06/2023 को अपरान्ह 3.30 बजे NKN हॉल में राज्य सूचना – विज्ञान अधिकारी(SIO) डॉ श्री अशोक कुमार होता की अध्यक्षता में किया गया । इस कार्यशाला में जिलाधिकारियों ने VC के माध्यम से भाग लिया। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि भुवनेश्वर स्थित आयकर विभाग के अतिरिक्त आयकर आयुक्त श्री असीम चक्रवर्ती जी को **“कर निर्धारण ,बचत एवं TDS संबन्धित विषय ”** पर व्यख्यान हेतु आमंत्रित किया गया था।

मुख्य अतिथि महोदय को साप्लिंग प्रदान करते हुए स्वागत

मुख्य अतिथि एवं उपस्थित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए में डॉ सुश्री अलका प्रधान ने भाषा के महत्व तथा राजभाषा के रूप में हिन्दी का स्थान तथा उसे प्रयोग में लाने की बात कही।

मुख्य अतिथि एवं उपस्थित पदाधिकारियों का पुनः स्वागत करते हुए अपने वक्तव्य में SIO महोदय डॉ अशोक कुमार होता ने राजभाषा हिंदी पर ज़ोर देते हुए कहा कि कार्यालय में सभी पदाधिकारी हिन्दी समझते और बोलते हैं परंतु जहां लिखने की बात है ,वहाँ पर सभी डर जाते हैं कि कहीं गलती न कर बैठे। आगे SIO महोदय ने कहा कि गलतियों से भागने में समाधान नहीं है, अपितु गलतियों से ही धीरे धीरे सुधार आता है और मनोबल भी बढ़ता है, इसीलिए सभी अधिकारियों को अपने अपने स्तर पर हिन्दी में काम करना चाहिए, तभी हम राजभाषा नीति के वार्षिक लक्ष को प्राप्त कर पाएंगे ।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की उपाध्यक्षा श्रीमति सुजाता दास ने इस अवसर पर हिन्दी पत्राचार विवरण प्रपत्र भरने पर एक ऑनलाइन डेमो प्रस्तुत करते हुए उपस्थित अधिकारियों से अपील की , कि हर तिमाही में हिन्दी कार्यान्वयन से जुड़े आंकड़ा विहित प्रपत्र में हमें समय पर भेजें ताकि आगे की कार्रवाई हो पाये।

राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र ,भुवनेश्वर की मासिक पत्रिका “द एसेंडर” का अप्रैल-मई हिन्दी –अंग्रेजी संसकरण का उन्मोचन भी मुख्य अतिथि, SIO एवं NIU प्रमुख के कर कमल से हुआ।

मुख्य अतिथि श्री असीम चक्रवर्ती जी ने अपने वक्तव्य में पीपीटी (PPT) के माध्यम से कर—निर्धारण, बचत एवं TDS संबन्धित विषय पर विस्तार रूप से जानकारी साझा करते हुए पुछे गए सभी प्रश्नों का उत्तर बड़े ही सुलझे हुए तरीके से रखा। कर संबंधीय लगभग सभी पहलुओं को मुख्य अतिथि श्री चक्रवर्ती ने सरल एवं सहज भाषा में समझाने की कोशिश की।

डी डी जी एवं एस आई ओ महोदय डॉ अशोक कुमार होता द्वारा सम्माननीय अतिथि महोदय को स्मृति फलक प्रदान

कार्यशाला में उपस्थित अधिकारिगण

अंत में सुश्री अलका प्रधान ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों को राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने तथा हिन्दी में पत्राचार करने का सुझाव दिया तथा मुख्य अतिथि तथा उपस्थित पदाधिकारियों एवं जिलाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला का सत्र सम्पन्न हुआ।